प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

उत्तराखंड में आज सुबह एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मृत्यु हो गईं इनमें 6 तीर्थयात्री और पायलट शामिल हैं हेलीकॉप्टर केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहा थां हादसा रूद्रप्रयाग जिले में, गौरीखंड के पास खरग पवर्तीय क्षेत्र में हुआं घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के दल ने मौके पर राहत कार्य शुरू किएं उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर पूरी तरह जल गया है और सभी शव निकाल लिए गए हैं हेलीकॉप्टर पायलट राजवीर सिंह चौहान जयपुर के रहने वाले थेंनागर विमानन महानिदेशालय ने एहतियात के तौर पर चार धाम के लिए हेलीकॉप्टर सेवा के फेरे कम कर दिए हैं राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने  ने उत्तराखंड के केदारनाथ में हुए हेलीकॉप्टर क्रेश हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया हैं कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भी हादसे पर गहरा दुख जताया हैं

.................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा से सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक समर्थन जुटाने में मदद मिलेगीं इसके साथ ही भारत को इन देशों का आभार व्यक्त करने का अवसर मिलेगां आज सुबह साइप्रस के लिए रवाना होने से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में श्री मोदी ने कहा कि पांच दिनों में तीन देशों की ये यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने और व्यापार, निवेश और सुरक्षा को बढावा देगीं

.................................................................

प्रदेश में पीटीईटी परीक्षा 2025 आज आयोजित की जा रही हैं कोटा के वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से हो रही इस परीक्षा के लिए 2 लाख 73 हजार से ज्यादा उम्मीदवारों ने पंजीकरण करवाया हैं ये परीक्षा 736 केन्द्रों पर ली जा रही हैं इस परीक्षा की मैरिट के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को प्रदेशभर के बीएड कॉलेजों में दाखिला मिल सकेगां

.................................................................

मॉनसून के आगमन को देखते हुए प्रदेशभर में पौधरोपण के लिए तैयारियां की जा रही हैं वन विभाग की ओर से 1 जुलाई से पौध वितरण किया जायेगां इसी कडी में प्रदेश में चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान और हरियालो राजस्थान के तहत भी लोगों को पौध रोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं भरतपुर में पौधरोपण अभियान के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि वन विभाग की ओर से 40 से अधिक प्रजातियों के पौधे तैयार किये गये हैं

.................................................................

प्रदेश में प्री–मानसून गतिविधियां सक्रिय हो गई हैं कई जिलों में कल आंधी के साथ बारिश का दौर चलां इससे जनजीवन प्रभावित हुआ हैं  मौसम विभाग के अनुसार आज 21 जिलों में आंधी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया हैं भरतपुर, सवाईमाधोपुर, बालोतरा, जैसलमेर और पाली में सुबह से ही मौसम सुहाना बना हुआ हैं वहीं रूक–रूक कर रिमझिम बरसात हो रही हैं बीते 24 घंटों में डूंगरपुर, बारां, राजसमंद, उदयपुर, बांसवाडा, चित्तौडगढ, झालावाड, कोटा सहित कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुईं डूंगरपुर के सागवाडा में 7 सेंटीमीटर से ज्यादा पानी बरसां वहीं पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं हीटवेव दर्ज की गयीं चूरू और श्रीगंगानगर में तापमान 46 डिग्री सैल्सियस के पार मापा गयां बारां के केलवाडा क्षेत्र में बिजली गिरने से दो लोगों की और बांसवाडा में एक महिला की मृत्यु के समाचार हैं वहीं जयपुर के जमवारामगढ़ क्षेत्र में तेज आंधी के दौरान एक मोटरसाईकिल सवार पर बिजली का पोल गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गईं कोटा में तेज आंधी और बारिश के कारण एक मकान का छज्जा गिर गया, जिससे एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गएं श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में भी तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर बिजली के खंभे गिर गये और पेड़ भी धराशायी हो गएं

.................................................................

आज विश्व पवन दिवस हैं इस अवसर पर नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय स्वच्छ और सतत विकास में पवन ऊर्जा के महत्व को उजागर करने के लिए बेंगलुरू में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रहा हैं

.................................................................